# शुक्रिया | by Preeti Shukla

मेरे मांगने से पहले तूने मुझको दिया
हर पल करूँ मैं तेरा सांवरे शुक्रिया
सांवरे शुक्रिया ........

जबसे तूने मुझको अपना बनाया
मुझको कभी भी गम ने फिर ना सताया
जब भी शरण में श्याम दर पे हूँ आया
सोच से ज्यादा ही दर से है पाया
श्याम तेरी बदौलत जीवन हँसके जिया
हर पल करूँ मैं तेरा सांवरे शुक्रिया
सांवरे शुक्रिया ........

आँख जब ये कोई सपना सजाये
पल में बाबा उसको सच कर दिखाए
जब जिसको तू बाबा देने पे आये
बैठे बैठे ही खज़ाना लुटाये
हर मुश्किल घडी में नाम तेरा लिया
हर पल करूँ मैं तेरा सांवरे शुक्रिया
सांवरे शुक्रिया ........

ऐसे ही अपनी बाबा दया मुझपे बनाना
प्रेमी को अपने ना बाबा भुलाना
ये रिश्ता यूँ ही हमेशा निभाना
अपने गले से बाबा मुझे तुम लगाना
हर बार यही विनती कुंदन तुमसे किया
हर पल करूँ मैं तेरा सांवरे शुक्रिया
सांवरे शुक्रिया ........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-by-preeti-shukla/